कोसी किनारे लगेंगे कंक्रीट ब्लॉक, कटाव रुकेगा

डैम में सिल्ट भी होगी कम, जिला योजना से 10 लाख रुपये स्वीकृत, नवंबर से शुरू होगा कार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

अल्मोड़ा। बरसात के दौरान कोसी नदी में होने वाले भूमि कटाव और कोसी डैम में सिल्ट जमा होने की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

जिला योजना के तहत 10 लाख रुपये की लागत से कोसी नदी के किनारे कंक्रीट ब्लॉक लगाए जाएंगे। सिंचाई विभाग बरसात समाप्त होने के बाद इस परियोजना पर काम शुरू करेगा।

> प्रस्ताव को जिला योजना से स्वीकृति मिल चुकी है। बरसात समाप्त होने के बाद नवंबर माह में निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। -मोहन सिंह रावत, अधिशाषी अभियंता, सिंचाई विभाग

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार नदी किनारे कंक्रीट ब्लॉक लगाए जाने से बरसात के दौरान तेज बहाव से होने वाले भूमि कटाव पर प्रभावी रोक लगेगी। साथ ही नदी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी और मलबे की मात्रा भी कम होगी, जिससे कोसी डैम में सिल्ट जमा होने की समस्या में काफी हद तक कमी आने की संभावना है।

हर वर्ष मानसून के दौरान कोसी डैम में भारी मात्रा में सिल्ट जमा हो जाती है जिससे पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित होती है। डैम का पानी मटमैला होने के कारण अल्मोड़ा नगर समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों को कई दिनों तक गंदे पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है।

कई बार जलापूर्ति भी बाधित हो जाती है। विभाग का मानना है कि प्रस्तावित कार्य से सिल्ट का बहाव कम होगा और डैम में पानी की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद मिलेगी।

सिंचाई विभाग इससे पहले भी करीब दो वर्ष पूर्व कोसी नदी के तट पर इस प्रकार के कंक्रीट ब्लॉक लगा चुका है। अधिकारियों के अनुसार उस स्थान पर सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद अब जिला योजना के तहत इस कार्य का विस्तार किया जा रहा है।

एक डॉक्टर कैंप ड्यूटी और दूसरे अवकाश पर, मरीजों की आफत

साप्ताहिक अवकाश के बाद खुली ओपीडी में पहुंचे 600 से अधिक लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

अल्मोड़ा। जिला अस्पताल के एक चिकित्सक के कैंप ड्यूटी पर जाने और एक अन्य डॉक्टर के अवकाश पर रहने के कारण सोमवार को दूर-दराज से आए मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। जिला अस्पताल में उचित इलाज न मिलने के कारण मरीजों को उपचार के लिए पांच किलोमीटर दूर बेस अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ी जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

साप्ताहिक अवकाश (रविवार) के बाद सोमवार को जब जिला अस्पताल खुला तो सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल की ओपीडी में 600 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे थे लेकिन डॉक्टरों की अनुपलब्धता ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बताया गया कि ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका कैंप ड्यूटी पर गई थीं जबकि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष पंत अवकाश पर चल रहे थे। राहत की बात यह रही कि महिला अस्पताल में डॉ. पल्लवी ने मरीजों को देखा।

> जिला अस्पताल की ईएनटी रोग विशेषज्ञ कैंप ड्यूटी पर गई हैं। कैंप ड्यूटी से लौटने पर अस्पताल में उपलब्ध रहेंगी। - डॉ. जीवन मपवाल, प्रभारी पीएमएस, जिला अस्पताल अल्मोड़ा

जिला अस्पताल अल्मोड़ा में डॉक्टर कक्ष के बाहर इंतजार करते मरीज। संवाद

दूर-दराज के ग्रामीण भुगत रहे मार, वाहन न मिलने से संकट

ईएनटी रोग विशेषज्ञ के न होने से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों जैसे लमगड़ा, ताकुला, धौलादेवी, हवालबाग और भैंसियाछाना सहित अन्य विकासखंडों से पहुंचे मरीजों को भारी मायूसी हाथ लगी। वहीं जिला अस्पताल से निराश होकर मरीजों को पांच किमी दूर बेस अस्पताल जाना पड़ा। वहां भी पहले से भारी भीड़ होने के कारण मरीजों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा, देर शाम होने के कारण दूरस्थ इलाकों से पहुंचे मरीजों को घर वापसी के लिए वाहन न मिलने से भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

एक डॉक्टर के भरोसे कपकोट अस्पताल की ओपीडी

संवाद न्यूज एजेंसी

कपकोट (बागेश्वर)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट में स्वास्थ्य सेवाएं दिन-प्रतिदिन बदहाल होती जा रही हैं। अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था इन दिनों महज एक मेडिकल ऑफिसर के भरोसे संचालित हो रही है। डॉ. प्रतीक अकेले ही प्रतिदिन 100 से अधिक मरीजों का उपचार कर रहे हैं।

सप्ताह के शुरुआती दिनों में अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है जिससे ओपीडी का आंकड़ा 150 के पार पहुंच जाता है। बाल रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी केवल शाम के समय होने के कारण दिन में बच्चों को भी डॉ. प्रतीक ही देख रहे हैं। इसके अलावा अस्पताल में महिला चिकित्सक का कक्ष भी खाली चल रहा है जिससे महिला मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

150

से अधिक मरीज आ रहे सोमवार और मंगलवार को

> कपकोट अस्पताल में डॉक्टरों की कमी दूर करने के प्रयास जारी हैं। दोपहर के समय महिला चिकित्सक वार्ड के निरीक्षण पर गई थीं जिसके कारण उनका कमरा खाली था। - डॉ. कुमार आदित्य तिवारी, सीएमओ, बागेश्वर

इन दिनों अस्पताल में ज्यादातर मरीज पेट दर्द, टाइफाइड, खांसी-जुकाम और बुखार की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। मरीजों के लिए राहत की बात यह है कि सप्ताह के पहले तीन दिन अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध है, जहां प्रतिदिन 25 से 30 जांचें हो रही हैं। डॉ. प्रतीक ने लोगों को उबला पानी पीने, बासी खाने से परहेज करने और बिना सलाह दवा न लेने की अपील की है।

तापमान

28° अधिकतम | 21° न्यूनतम

आज का पूर्वानुमान

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि सुबह के समय हल्की बारिश हो सकती है।

सूर्योदय (आज) 05:26 सुबह

सूर्यास्त (आज) 06:50 शाम

स्थानीय समयानुसार

आज के कार्यक्रम

अल्मोड़ा

- **क्रिकेट :** एनटीडी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता रात 9 बजे से।

बागेश्वर

- **यज्ञ :** बागेश्वर के राम मंदिर में कांग्रेसियों की ओर से अयोध्या में श्रीराम मंदिर में हुई दान चोरी के मामले में हवन पूजन सुबह 10 बजे से।
- **शिविर :** बागेश्वर के इंका क्वैराली में सेवा पखवाड़ा के तहत बहुद्देशीय शिविर सुबह 10 बजे से।
- **क्रमिक अनशन :** पालड़ीछीना में सड़क के लिए ग्रामीणों का क्रमिक अनशन 10 बजे से।
- **धरना-प्रदर्शन :** नगरपालिका परिसर में पर्यावरण मित्रों का क्रमिक अनशन सुबह 11 बजे से।

आपकी आवाज

किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।

ईमेल
ntl-dakincharge@ntl.amarujala.com

व्हाट्सएप करें
9368724167 (अल्मोड़ा)
9368724166 (बागेश्वर)

सराफा भाव

सोना	चांदी
1,62,000 रुपये प्रति 10 ग्राम।	2,70,00 रुपये प्रति किलोग्राम।

मेरी आवाज सुनो...

कहीं पीने का पानी नहीं मिल रहा है तो कहीं सीवरेज की समस्या है। कहीं सड़क पर जाम से चलना दूभर तो कहीं सड़क की हालत खराब। बिजली परेशान कर रही है या नहर सूखी है। स्कूल छतविहीन है या पढ़ाने वाले ही नहीं हैं। अस्पताल बेहाल है.... ऐसी अनेक सामुदायिक समस्याओं पर आपकी आवाज अनसुनी रह जाती है तो अमर उजाला बनेगा आपकी बुलंद आवाज। आप हमें मेल से लिख भेजें ताकि अमर उजाला के माध्यम से वह समस्या अधिकारियों तक पहुंच सके।

मेल आईडी
ntl-dakincharge@ntl.amarujala.com

व्हाट्सएप नंबर
8400868888

मलबा आने से एक सड़क बंद यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गईं

संवाद न्यूज एजेंसी

दूसरे रास्तों से आवाजाही कर रहे ग्रामीण, जेसीबी मशीन से हटवाया जा रहा मलबा

अल्मोड़ा। जिले में एक ग्रामीण मोटर मार्ग बंद होने से क्षेत्रवासियों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों को वैकल्पिक रास्तों से आवाजाही करनी पड़ी।

जिले में हुई बारिश के दौरान चमतोला-नयाधुरा ग्रामीण मोटर मार्ग पर कई स्थानों पर मलबा आ गया। इससे मार्ग यातायात के लिए बंद है। सड़क बंद होने के कारण स्थानीय लोगों को दूसरे मार्गों से दूसरे रास्तों से आवाजाही करनी पड़ रही है। इससे उन्हें दिक्कतें झेलनी पड़ रही है।

सड़क बंद होने से मार्ग से जुड़े गांवों में रोजमर्रा का सामान समय पर नहीं पहुंच पा रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जेसीबी मशीन से मलबा हटाया जा रहा है।

बमनगांव में एक माह से पेयजल संकट

मौलेखाल (अल्मोड़ा)। सल्ट ब्लॉक की ग्राम पंचायत बमनगांव में पिछले एक माह से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है। ओमपानी पेयजल योजना प्रभावित होने से गांव के करीब 80 परिवारों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों को रोजाना काफी दूर से प्राकृतिक जल स्रोतों से पानी ढोना पड़ रहा है।

समस्या के समाधान के लिए ग्राम प्रधान भुवन चंद्र ने अधीक्षण अभियंता, जल संस्थान अल्मोड़ा को पत्र भेजकर जल्द पेयजल व्यवस्था सुचारु कराने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि गांव में पेयजल आपूर्ति करने वाली पुरानी प्राकृतिक जल स्रोतों से जुड़ी पाइपलाइनें कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। पाइपलाइन व नलों में खराबी के कारण जलापूर्ति प्रभावित है।

80

परिवार परेशान जल संस्थान से स्थायी समाधान की मांग

> क्षतिग्रस्त लाइन को जोड़ दिया था फिर भी आपूर्ति सुचारू नहीं हुई है तो कर्मचारी को भेजकर पाइप लाइन की जांच कराई जाएगी। - महीप शर्मा, जेई, जल संस्थान

ग्राम प्रधान ने बताया कि जल निगम की हंसीढूंगा पेयजल योजना के तहत जल जीवन मिशन से बिछाई गई लाइन से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ओमपानी पेयजल योजना पर निर्भर करीब 80 परिवारों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों को पानी के लिए काफी दूर जाना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान के अनुसार विभाग को कई बार मौखिक और लिखित रूप से समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया।

उन्होंने जल संस्थान से तकनीकी टीम भेजकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। संवाद

तूनी मार्ग बस और भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित

अल्मोड़ा। एनटीडी से दुग्धडेयरी होते हुए धार की तूनी की ओर जाने वाले मार्ग को बस और भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त लक्ष्मण सिंह भंडारी ने बताया कि नगर निगम के स्वामित्व के एनटीडी से दुग्ध संघ होते हुए धार की तूनी की ओर जाने वाली सड़क संकरी होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके चलते इस मार्ग पर बस और भारी वाहनों का संचालन खतरे से खाली नहीं है जिसकी रिपोर्ट संभागीय परिवहन अधिकारी ने दी थी।

इसी के तहत तत्काल प्रभाव से एनटीडी से दुग्धडेयरी होते हुए धार की तूनी की ओर जाने वाले मार्ग को बस और भार वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। संवाद

जिला अस्पताल के आयुष विंग में आठ लाख रुपये से बनेगा योग व ध्यान केंद्र

मरीजों को मिलेगी मानसिक शांति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

बागेश्वर। जिला अस्पताल के आयुष विंग चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के लिए एक अच्छी खबर है। अस्पताल परिसर में अब मरीजों और आम लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ मानसिक शांति भी मिलेगी।

ग्रामीण निर्माण विभाग आठ लाख रुपये की लागत से एक सर्वसुविधायुक्त योग और ध्यान केंद्र का निर्माण करने जा रहा है।

> जिला अस्पताल के आयुष विंग में योग और ध्यान केंद्र के निर्माण के लिए आठ लाख रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। विभाग की ओर से निर्माण कार्य के लिए टेंडर आमंत्रित कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही धरातल पर निर्माण कार्य तेजी से शुरू करा दिया जाए, ताकि समय पर यह केंद्र जनता को समर्पित किया जा सके। - आर चंद्रा, ईई, ग्रामीण निर्माण विभाग, बागेश्वर

जिला अस्पताल के आयुष विंग में दवाओं के साथ-साथ पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में इस नए योग और ध्यान केंद्र की परिकल्पना की गई है। केंद्र बनने से अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों, उनके तीमारदारों और स्थानीय लोगों को योग और प्राणायाम के लिए एक बेहतरीन स्थान मिल सकेगा, जो उनके तेजी से स्वस्थ होने में मददगार साबित होगा।

17 को देहरादून में होगा छात्र-युवा संवाद कार्यक्रम

अल्मोड़ा। युवा कांग्रेस पूर्व प्रदेश महासचिव गोपाल भट्ट ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के राष्ट्रव्यापी अभियान छात्रों की गूंज के अंतर्गत आगामी 17 जुलाई को देहरादून में छात्र-युवा संवाद कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम प्रदेश और देश के लाखों छात्रों और युवाओं के आक्रोश, संघर्ष और उम्मीदों की बुलंद आवाज बनेगा।

उन्होंने बताया कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम केवल एक सभा नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार, पारदर्शी भर्ती व्यवस्था और युवाओं के सम्मान की लड़ाई का सशक्त मंच है। इस कार्यक्रम में राहुल गांधी छात्रों और युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। उनकी समस्याओं, सुझावों को सुनेंगे। संवाद

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153

ई-नीलामी सूचना

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" 6(2) और/या 9(1) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित 6(2) और/या 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बड़ौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिजर्व प्राईज/ ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय	मांग सूचना की तिथि कब्जे की तिथि बकाया धनराशि
1.	1. मैसर्स श्री दयाल राइस मिल, द्वारा इसके पार्टनर्स :- (1) श्री राजकुमार पुत्र वीरमान, (2) स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरमान, द्वारा विभिन्न विधिक वारिसों, पता- ग्राम नवलपुर, गढ़ीनेगी, तहसील जसपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 2. श्री राजकुमार पुत्र वीरमान (पार्टनर, मैसर्स श्री दयाल राइस मिल), पता- गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 3. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरमान के विधिक वारिस, श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 4. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरमान के विधिक वारिस, कु. स्मृति (नाबालिग) पुत्री स्वर्गीय श्री कवल नैन, द्वारा इनकी माता एवं प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 5. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरमान के विधिक वारिस, कु. श्रुति (नाबालिग) पुत्री स्वर्गीय श्री कवल नैन, द्वारा इनकी माता एवं प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 6. स्वर्गीय श्री कवल नैन पुत्र वीरमान के विधिक वारिस, मास्टर अपूर्व (नाबालिग) पुत्र स्वर्गीय श्री कवल नैन, द्वारा इनकी माता एवं प्राकृतिक अभिभावक श्रीमती नीता सुधा पत्नी स्वर्गीय कवल नैन, पता- वार्ड नं. 13, गढ़ीनेगी, गणेशनगर, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 7. श्री विजय कुमार पुत्र श्री चिम्मन लाल, पता- गढ़ीनेगी, गणेशपुर, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713	सम्पत्ति सं. 1:- बंधक अचल सम्पत्ति (एक भूखंड) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा नं. 178, ग्राम- नवलपुर, तहसील- जसपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। सम्पत्ति बही नं. 1, जिल्द नं. 419, पृष्ठ सं. 135 से 148, क्रमांक सं. 1143, दिनांक 12.04.2016 के द्वारा श्री कवल नैन के नाम पर दर्ज है। सेल डीड के अनुसार सीमायें - पूरब में श्री सुरता सिंह की भूमि, पश्चिम में लगभग 20 फीट चौड़ी चक रोड, उत्तर में विक्रेता श्री चंद्र मोहन की भूमि, दक्षिण में विक्रेता राजकुमार की भूमि। कुल क्षेत्रफल 0.455 हेक्टेयर। सम्पत्ति सं. 2:- बंधक अचल सम्पत्ति (एक भूखंड) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 178 मिन., क्षेत्रफल 0.184 ह0 तथा खसरा सं. 181, क्षेत्रफल 0.271 ह0, कुल क्षेत्रफल 0.455 ह0, ग्राम- नवलपुर, तहसील- जसपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर में स्थित है। सम्पत्ति बही नं. 1, जिल्द नं. 1442, पृष्ठ सं. 25 से 28, क्रमांक सं. 5363 दिनांक 04.08.2006 के द्वारा श्री राजकुमार के नाम पर दर्ज है। सेल डीड के अनुसार सीमायें - पूरब में श्री सुरता सिंह की आराजी, पश्चिम में चक रोड के बाद नहर, उत्तर में विक्रेता श्री प्रेम सिंह की आराजी, दक्षिण में चक रोड। लीज डीड:- सम्पत्ति उप-निबंधक जसपुर के कार्यालय में लीज डीड, बही स. 1, जिल्द सं. 477, पृष्ठ सं. 23 से 46, क्रमांक सं. 3377, दिनांक 26.10.2016 को मैसर्स श्री दयाल राइस मिल के पक्ष में विधिवत पंजीकृत है। कुल क्षेत्रफल 0.910 ह0 अथवा 2.25 एकड़। (1) खाता सं. 00025, खसरा सं. 178, क्षेत्रफल 0.184 ह0। (2) खसरा सं. 181, क्षेत्रफल 0.271 ह0। कुल क्षेत्रफल 0.455 ह0। उपरोक्त भूमि श्री राजकुमार द्वारा लीज पर दी गई है। (3) खाता सं. 00025, खसरा सं. 181, क्षेत्रफल 0.455 ह0, श्री कवल नैन द्वारा लीज पर दी गई है। लीज डीड अनुसार सीमायें- पूरब में श्री सूरता सिंह की संपति, पश्चिम में सड़क, उत्तर में श्री चन्द्र मोहन की भूमि, दक्षिण में सड़क।	₹ 2,65,00,000.00 ईएमडी ₹ 26,50,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00	06.08.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	07.09.2024 13.11.2024 ₹ 3,29,03,979.02 (रुपये तीन करोड़ उनतीस लाख तीन हजार नौ सौ उनासी एवं पैसे दो मात्र) + (अप्राप्त ब्याज) + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क (दिनांक 31.07.2024 से प्रभावी) + यदि कोई हो तो कम वसूली

सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस

विक्रय के निबन्धन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htmtl एवं https://banknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0-8477000519, 8477009621, से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया दिनांक 14.07.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 01.08.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।

दिनांक : 09.07.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रुद्रपुर

प्राधिकृत अधिकारी

बड़ी खबर के कई पहलू, एक साथ amarujala.com पर